

मीराबाई चानू का काम अधूरा और उनमें अभी बहुत कुछ शेष है। चानू बेहद अनुशासित एथलीट हैं। भारत में महिला भारोत्तोलन का भविष्य उज्ज्वल है। मीराबाई को प्रतिस्पर्धी भारोत्तोलन में बने रहना चाहिए। **- विजय शर्मा**

मीराबाई चानू के कोच ने उनके बारे में बताया।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▸**



## लियाम लिविंगस्टोन

**आईसीसी** ने बुधवार को टी-20 खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई और नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त तीन मैचों की टी20 सीरीज में लियाम ने बैट और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने दो मैचों में 124 रन और 5 विकेट अपने नाम किए।लियाम ने 47 गेंद में 87 रन की शानदार पारी खेली, इस दौरान उन्होंने 6 चौके और पांच छक्के भी जड़े।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबाल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के ब्रेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते है।

## रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के कोच नियुक्त

नयी दिल्ली, 18 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का नया मुख्य कोच बनाया गया है। पोंटिंग ने किंग्स के साथ एक बहु-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। पोंटिंग शेष कोचिंग सदस्यों पर अंतिम निर्णय लेंगे। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि पिछले साल से कोचिंग इकाई के कौन-कौन से कोचिंग सदस्य उनकी टीम में शामिल होंगे। आईपीएल 2024 में दूसरी बार पर्पल कैप जीतने वाले हर्षल पटेल, शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की अनकैप्ड भारतीय जोड़ी पिछले सत्र में पंजाब किंग्स के लिए महत्वपूर्ण प्रदर्शन करने वालों में से थे। किंग्स के पास बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा, लेग स्पिनर राहुल चाहर के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों का एक अच्छा समूह भी है, जिसमें सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टो और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की इंग्लैंड की तिकड़ी शामिल है।

## बिना किसी प्रयोग के न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ टीम उतरेगी : एलिसा हीली

सिडनी, 18 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने कहा है कि वे बिना किसी प्रयोग के न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की श्रृंखला के लिए सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे। न्यूजीलैंड के साथ श्रृंखला के शुरुआती मैच की पूर्व संध्या पर बुधवार को हीली ने कहा, मुझे लगता है कि बंगलादेश हमारे लिए कुछ चीजों को आजमाने का एक अच्छा अवसर था, वहां हमने देखा कि अगर हमारे कुछ प्रमुख खिलाड़ी खेल नहीं पाते हैं, तो क्या होगा, हम उन भूमिकाओं की भरपाई कैसे कर सकते हैं।

## महिला टी-20 विश्वकप विजेता को मिलेंगे 19.5 करोड़ रुपये

दुबई, 18 सितंबर। संयुक्त अरब अमीरात में तीन अक्तूबर से शुरू हो रहे महिला टी-20 विश्वकप विजेता टीम को लगभग 19.5 करोड़ रूपए की राशि मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्वकप के लिये दोगुना से अधिक पुरस्कार राशि की घोषणा की।

### चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में होगा मुकाबला, आसमान में बादल छाए

# भारत को बांग्लादेश की कड़ी चुनौती आज से, बारिश के आसार

## कोच गौतम गंभीर का पहला टेस्ट, चेपॉक में भारत का रिकॉर्ड अच्छा

चेन्नई, 18 सितम्बर। भारत और बांग्लादेश के बीच का पहला टेस्ट बारिश से प्रभावित हो सकता है। यह मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 19 सितंबर से खेला जाना है। मौसम वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार, चेन्नई में 18, 19 और 20 सितंबर को बारिश हो सकती है। यानी के टेस्ट मैच के शुरुआती दो दिनों में बारिश के आसार हैं।

बता दें कि करीब 6 महीने के बाद भारत में इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी हो रही है। इंडिया में आखिरी इंटरनेशनल मैच 7 से 9 मार्च के बीच खेला गया था। धर्मशाला में खेले गए उस मुकाबले में इंडिया ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हराया था।

एक्यूवेदर के पूर्वानुमान के मुताबिक 19 सितंबर से शुरू होने वाले टेस्ट मैच के पहले और दूसरे दिन बारिश हो सकती है। हालांकि, बारिश से ज्यादा नुकसान नहीं होगा, क्योंकि 19 सितंबर को पहले सेशन के शुरुआती एक से डेढ़ घंटे बारिश से प्रभावित हो सकते हैं। 20 सितंबर को भी ऐसा ही मौसम रहने का पूर्वानुमान है।

गुरुवार 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ भारत अपने टेस्ट सीजन की शुरुआत कर रहा है। अब उसे अगले साल जनवरी तक कुल 10 टेस्ट मैच खेलने हैं. ऐसे में गुरु गौतम गंभीर का भी खास टेस्ट हो रहा है। वहीं दूसरा टेस्ट मैच 27 सितंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क में होगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए पहले ही चेन्नई पहुंच चुकी थी। दूसरी ओर मेहमान टीम बांग्लादेश भी रविवार को चेन्नई पहुंच गई।

चेपॉक और टीम इंडिया के बीच का रिश्त काफी लंबा एंव ऐतिहासिक है। साल 1952 में भारत ने चेन्नई में ही अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। जो कि



भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक मील का पत्थर था। इसी मैदान पर भारत ने अपनी टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में करुण नायर की 303 रनों की शानदार पारी की बदौलत भारत ने 759/7 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

इससे पहले वीरेंद्र सहवाग ने भी साल 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इसी मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में अपना बेस्ट स्कोर बनाया। चेपॉक में दर्शकों की क्षमता लगभग 38,000 है। यहां के दर्शकों को बहुत ही जानकार और खेल भावना से ओतप्रोत माना जाता है। जब 1997 में पाकिस्तान के सईद अनवर ने वनडे में 194 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोर बनाया था, तो दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई थीं।

ये मैदान साल 1936 में रणजी ट्रॉफी के उद्घाटन मैच का भी मेजबान था, जब मद्रास ने मैसूर के साथ खेला। साल 1986 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पर टेस्ट मैच टाई पर छूटा था, जिसमें डील जोन्स ने 210 रनों की पारी खेली थी। इसी मैदान पर नरेंद्र हिरवानी ने अपने टेस्ट डेब्यू पर 136 रन देकर 16 विकेट लिए थे। चेपॉक में अब तक 34 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 15 मैचों में जीत दर्ज की, जबकि 7 मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा। वहीं 11 मैच ड्रॉ रहे और एक मुकाबला टाई पर छूटा। चेपॉक में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 13 टेस्ट मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने यहां अपना आखिरी टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था, जिसमें उसने 317 रनों से शानदार जीत हासिल की थी।



## निगार सुल्ताना करेगी महिला टी-20 विश्वकप में बांग्लादेश की अगुवाई

ढाका, 18 सितंबर। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप 2024 के लिये बांग्लादेश टीम की अगुवाई निगार सुल्ताना जोटी करेंगी। बांग्लादेश की टी-20 विश्वकप के लिए निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में नाहिदा अख्तर, शोरना अख्तर, राबेया, सुल्ताना खातून और फहीमा खातून के हाथ स्पिन की कमान होगी। वहीं युवा मारुफा अख्तर, जहांआरा आलम, रितु मोनी और सोभना मोस्टरी से तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार महिला टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी में बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के साथ शामिल है। टी-20 विश्वकप में बंगलादेश तीन अक्टूबर को शारजाह में स्कॉटलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलेगा। महिला टी-20 विश्वकप के लिए बांग्लादेश की टीम इस प्रकार है: निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर, मुर्शिदा खातून, शोरना अख्तर, मारुफा अख्तर, राबेया, मि. रितु मोनी, सोभना मोस्टरी, दिलारा अख्तर (विकेट कीपर), सुल्ताना खातून, जहांआरा आलम, फहीमा खातून, ताज नेहर, दिशा बिस्वास और शाति रानी शामिल होंगे।

## कमिंडू ने अपने करियर का चौथा शतक लगाया

गाले, 18 सितम्बर। न्यूजीलैंड और श्रीलंका टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंका के मिडिल ऑर्डर बैट्समैन कमिंडू मेंडिस ने अपने करियर की चौथी सेंचुरी लगाई। उन्होंने 114 रन की पारी खेली। उनके अलावा कुसल मेंडिस ने 50 रन बनाए।

बुधवार को पहले दिन के स्टंप्स के बाद श्रीलंका का स्कोर 7 विकेट खोकर 302 रन है। न्यूजीलैंड की तरफ से विल ओरूर्क ने 3 और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। यह मुकाबला गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बुधवार को पहले सेशन में श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

ओपनर पथुम निसांका 27 रन और दिमुथ करुणारत्ने 2 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को विल ओरूर्क ने पवेलियन भेजा। इसके बाद दिनेश चांदीमल ने 30 और एंजेलो मैथ्यूज ने 36 रन की पारी खेली। चांदीमल को साउथी और मैथ्यूज को विल ओरूर्क ने आउट किया। कप्तान धनंजय डी सिल्वा को 11 रन पर ग्लेन फिलिप्स ने आउट किया। दूसरी छोर से विकेट गिरने के बावजूद कमिंडू मेंडिस ने इंग्लैंड के अपने अच्छे परफॉरमेंस को जारी रखा और अपने करियर का चौथा शतक लगाया। उन्हें 114 रन पर एजाज पटेल ने आउट किया। उनके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अर्धशतकीय पारी खेली।

## एकता की भावना ने हमें फाइनल जीतने में मदद की : हरमनप्रीत सिंह

नयी दिल्ली, 18 सितंबर। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि एकता की भावना के कारण हमने मंगलवार को हुलुनबुइर में हुए फाइनल मुकाबले में चीन को मात देकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।

हरमनप्रीत ने कहा, फाइनल वास्तव में बहुत रोमांचक था, पूरे खेल में चीनी खिलाड़ी हम पर हावी होने का प्रयास कर रहे थे और हमें गोल करने का मौका बनाना वास्तव में मुश्किल हो रहा था, लेकिन पिछले एक साल में टीम ने एक-दूसरे पर बहुत भरोसा कायम किया है। पिछले वर्ष चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक, हांग्जो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक 2024 से कांस्य पदक ने टीम के भीतर एक गहरी मित्रता की भावना पैदा की है। हम एक-दूसरे के लिए मरने को तैयार हैं। यह एकता की भावना ही थी जो हमें आश्वस्त करती थी कि हम मिलकर खेलते हुए जीतने का कोई रास्ता खोज लेंगे।

उन्होंने कहा, हमें अपना खिताब बरकरार रखने पर गर्व है, लेकिन अभी काम बंद नहीं हुआ है। हमें कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, हमें अपनी टीम में भी गहराई लाने की जरूरत है। टीम थोड़े समय के ब्रेक के बाद वापस शिविर में लौटेगी और अपने समर्थकों को फिर से गौरवान्वित करने के लिए फिर से टूर्नामेंटों की तैयारी शुरू करेगी।

**राजधानी**

# दीपावली से पहले सड़कें सुधारें : दिया कुमारी

## उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अगले दो माह फील्ड में रहने के निर्देश दिये

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अगले दो माह लगातार फील्ड मे मॉनिटरिंग करके बरसात से खराब हुई सड़को को दिपावली से पहले सही करवाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को निर्माण भवन मे आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होनें यह निर्देश दिए। उन्होनें सभी मुख्य अभियंताओं को सात-सात दिन लगाातार फील्ड में रहकर सड़क कार्यों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सड़कों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था की जाये की सड़क बनाने वाला ठेकेदार ही गांरटी अवधि में सड़क खराब होने पर अनिवार्य रूप से सड़क को सुधारे। यदि इसके लिए नियमों में कोई संशोधन करना हो तो करे। उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मॉडल के प्रावधानों को शामिल करने के निर्देश भी दिए। रिपेयरिंग के दौरान भी वही सामग्री इस्तेमाल की जाये जो निर्माण के दौरान इस्तेमाल की गई है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह डायरेक्टली जनता से जुड़ा हुआ विभाग है। हमें कमिटमेंट पर खरा रहना है और उसको पूरा भी कराना है। उन्होंने निर्देश



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को निर्माण भवन में आायोजित समीक्षा बैठक में राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा ऐप लॉन्च किया।

दिए कि ऐसा सिस्टम विकसित किया जाये जिसमे डीपीआर बनाने से लेकर, कार्य आदेश जारी होने एवं निर्माण पूरा होने तक के लिए एक निश्चित टाइम टेबल सेट किया जाये ताकि लोगों को सुविधाओं का समय पर लाभ मिल सके।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा ऐप लॉन्च किया। उन्होनें कहा कि यह ऐप प्रदेश की सड़को की गुणवत्ता सुधार एवं उसको बरकरार रखने में मजबूत निरीक्षण प्रणाली विकसित करेगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग में शिकायतों के समाधान (सड़क, भवन आदि) और संबंधित अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के लिए एक ऑनलाइन निरीक्षण और शिकायत प्रबंधन (राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा) विकसित की गई है। इस पहल का उदेश्य सड़कों, भवनों आदि की गुणवत्ता को बरकरार रखते हुए सिस्टम में पारदर्शिता, दक्षता जवाबदेही को बढाना है। संबंधित अधिकारी द्वारा वर्ष मे दो बार (छ माह में एक बार) सड़क के प्रत्येक किलोमीटर एवं भवन का

- **उपमुख्यमंत्री ने राजस्थान पीडब्ल्यूडी सेवा ऐप लॉन्च किया**

नियमित निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। संबधित अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण की जियो टेगिग फोटो ऐप पर अपलोड होगी। अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान की गई टिप्पणी जैसे संतोषप्रद, असंतोषप्रद मय फोटो और आवश्यक कार्य का विवरण संबधित संवेदक को उसकी ईमेल पर प्राप्त होता है। संवेदक द्वारा इसकी अनुपालना किए जाने की रिपोर्ट भी मय सुधार कार्य के फोटो सहित संबधित अधिकारियों के अनुमोदन हेतु प्राप्त होती है। गौरतलब है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विकसित किए गए इस ऐप पर सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री सहित जेईएन स्तर तक के अधिकारियों एवं लगभग 8000 संवेदकों की आईडी मेप की गई है। इस दौरान उन्होंने एनएचएआई, एनएच, आरएसएचए, आरएसआरडीसी के कार्यों एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान राज्यमंत्री मंजु बाघमार, प्रमुख शासन सचिव प्रवीण कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव डी आर मेघवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़े में रक्तदान शिविर का आयोजन

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत राज्यभर में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की ओर से सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को भाजपा जनता युवा मोर्चा की ओर से प्रदेश कार्यालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की और इस पुनीत कार्य के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तैयार रहने का आव्हान किया।

राठौड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई गाथा लिख रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्व में देश का मान बढाया है और वे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है। उनके जन्मदिन पर सेवा कार्य के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह है और भाजपा का बूथ स्तर का कार्यकर्ता उनके जन्मदिवस पर शुरू की गई सेवा की मुहीम में आहुति देने के लिए आतुर है। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के इस मौसम में अस्पतालों में रक्त की कमी हो

- **भाजपा कार्यकर्ताओं के रक्त की एक-एक बूंद प्रदेश की जनता के लिए समर्पित : मदन राठौड़**
- **17 से 19 सितम्बर तक पूरे प्रदेश में लगाए जाएंगे रक्तदान शिविर : अंकित गुर्जर चेची**

जाती है, ऐसे में युवा मोर्चा की पहल पर सेवा पखवाडा के तहत रक्तदान शिविरों का आयोजन कर पुनीत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता और कार्यकर्ता प्रदेश की जनता के लिए अपने रक्त की एक-एक बूंद समर्पित करने के लिए तैयार है।

युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने बताया कि युवा मोर्चा द्वारा संपूर्ण प्रदेश में प्रत्येक जिला स्तर पर 19 सितंबर तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज युवा मोर्चा जयपुर शहर की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए सुबह से ही युवाओं में उत्साह रहा। युवा मोर्चा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पुरुवंशी ने बताया कि रक्तदान शिविर में सैंकडों युवाओं ने रक्तदान किया। जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, सहकारिता मंत्री गौतम दक, विधायक गोपाल शर्मा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मंत्री महेन्द्र कुमावत, मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा नेता चन्द्रमनोहर बटवाड़ा, महामंत्री तेज सिंह, प्रदेश संयोजक सेवा पखवाड़ा नटवर सिंह किशनपुरा, प्रदेश सह संयोजक सेवा पखवाड़ा विक्रम चौधरी, दीपक शर्मा, जयपुर शहर सदस्यता अभियान संयोजक शैलेन्द्र भार्गव, अनिल शर्मा सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चनाना व शर्मा बने कार्यालय सह प्रभारी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में दो कार्यालय सह प्रभारी रजनीश चनाना, भवानी शंकर शर्मा को बनाया है।

## 'आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को मिलेगा सप्ताह में तीन दिन दूध'

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश के 62 हजार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले लगभग 36 लाख बच्चों को सप्ताह में 3 दिन दूध उपलब्ध करवाने हेतु प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। दिया कुमारी ने बुधवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी, निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आई सी डी एस) ओ पी बुनकर की उपस्थिति में आयोजित बैठक में उक्त निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के परिवर्तित बजट के बिन्दु संख्या 88 में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को उचित पौष्टिक आहार के रूप में सप्ताह में तीन दिन दूध उपलब्ध करवाये जाना है। इस हेतु क्रय किये जाने वाले मिल्क पॉवडर पर 200 करोड़ रुपये वार्षिक व्यय किये जायेंगे।

## प्रदेश में 608 पावर प्लांट लगेंगे, किसानों को दिन में बिजली मिलेगी : आलोक

**जयपुर।** पीएम कुसुम योजना के माध्यम से प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में उद्यमिता के नए युग की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को बिड़ला सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक के जिन विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, उनमें ऊर्जा विभाग के 7,167 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्य शामिल हैं। इनमें 1863 करोड़ के कार्य प्रसारण क्षेत्र में हैं तथा शेष डिस्कॉम्स के हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री कुसुम कंपोनेंट-सी योजना के अन्तर्गत एक साथ 608 सोलर प्लांटों का शिलान्यास किया। इन प्लांटों के जरिए 5 हजार 254 करोड़ रूपए का निवेश होगा और 1501 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो सकेगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने बताया कि योजना के माध्यम से करीब 2 हजार नए उद्यमी सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ सकेंगे और आने वाले समय में उद्यिमता की इस अलख से प्रदेश में हर गांव-ढाणी रोशन होगी।

उन्होंने बताया कि परिवर्तित बजट में वर्ष 2027 तक किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली देने का संकल्प व्यक्त किया गया इस संकल्प की प्राप्ति की दिशा में यह विकेन्द्रित सोलर प्लांट मील का पत्थर साबित होंगे। इनमें जयपुर विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में 266 मेगावाट के 118, अजमेर विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में 221 मेगावाट के 103 तथा जोधपुर विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में 1014 मेगावाट के 387 सोलर प्लांट हैं।

आलोक ने बताया कि इन सौर ऊर्जा संयंत्रों से मिलने वाली न्यूनतम प्रसारण छीजत की बिजली से विद्युत वितरण निगमों को अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर करने में मदद मिलेगी। योजना में भारत सरकार द्वारा सोलर प्लांट की लागत के अधिकतम 30 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है जिससे फीडर लेवल सोलराइजेशन को गति मिल रही है। कृषि उपभोक्ताओं की बिजली की मांग को पूरा करने के लिए डिस्कॉम्स के सब स्टेशन के पास ग्रिड से जुड़े सौर बिजली संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के त्वरित फैसलों से कुसुम योजना के क्रियान्वयन को गति मिली है।

## राज्यपाल ने राष्ट्रपति को भाव भरी विदाई दी

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जयपुर से लौटने पर बुधवार को हवाई अड्डे पर भाव भरी विदाई दी।